हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026



तापमान
अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

ग्राम पिकरीपाली में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला





## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में पुलिस ने 24 लोगों को भेजा जेल

**रायगढ़।** किरोड़ीमलनगर में पिता.पुत्र पर जानलेवा हमला मामले में पुलिस ने 24 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस की इस कार्रवाई से आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल 4 जनवरी को वार्ड क्रमांक 9 किरोड़ीमलनगर निवासी गोविंद राम नेताम 45 वर्ष ने थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि उसके मोहल्ले के पीछे वरुण सिंह द्वारा गैलवे कंपनी के लिए दूसरे प्रांत से लाए गए मजदूर रह रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार 4 जनवरी की दोपहर प्रार्थी के पुत्र छवि नेताम पर गैलवे कंपनी से जुड़े कुछ युवकों द्वारा जबरन साथ में काम करने का दबाव बनाया गया। जब छवि नेताम ने काम करने से इनकार किया तो आरोपियों द्वारा गाली.गलौच करते हुए मारपीट की गई। मारपीट में शामिल आरोपियों में बुधमन उरांव, मंगलदीप उरांव, मनोज उरांव, प्रकाश गोप, अरुण करमाली, दीपक उरांव, कार्तिक उरांव एवं अशोक उरांव के नाम सामने आए। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतरारोड़ में धारा 109,1 एवं 3,5 भारतीय न्याय संहिता में प्रकरण दर्ज किया गया।

### सारंगढ़ और जशपुर में अब पोस्ट ऑफिस

**सारंगढ़।** डाक विभाग द्वारा लोगों को शाम को बुकिंग के लिए अतिरिक्त समय की सुविधा प्रदान करने के उद्धेश्य से सारंगढ़ उपडाकघर एवं जशपुरनगर मुख्य डाकघर का कार्य समय में परिवर्तन में किया गया है। अब सुबह 09 बजे से शाम 5 बजे के स्थान पर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे कर दिया गया है। अधीक्षक डाकघर रायगढ़ संभाग ने आम नागरिक सहित सभी शासकीय कार्यालय, निजी संस्थान से अपील किया है कि वे अपना डाक भेजने संबंधी सभी कार्य दोनों डाकघरों में शाम 05 बजे तक डाक की बुकिंग करवा सकते हैं।

### हेलमेट जागरूकता शिविर का आयोजन

**रायगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत मंगलवार को यातायात पुलिस रायगढ़ एवं परिवहन विभाग रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में छातामुड़ा चौक पर हेलमेट जागरूकता को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाते पाए गए वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई तथा जागरूकता के उद्देश्य से उन्हें निःशुल्क हेलमेट प्रदान किए गए। साथ ही वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के दौरान परिवहन विभाग द्वारा वाहन चालकों को यातायात जागरूकता वीडियो दिखाया गयाए जिसमें ट्रैफिक नियमों की अनदेखी से होने वाली दुर्घटनाओं, जान.माल की क्षति तथा कानूनी दंड के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को हेलमेट वितरित करते हुए भविष्य में हमेशा हेलमेट पहनकर वाहन चलाने तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की।

## बारदाना गायब कर दोनों कर्मचारी फरार, डीएम पर्ची और स्टॉक पंजी भी नहीं

# दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने ड्राइवर के साथ मिलकर 23 लाख का बेच दिया बारदाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विपणन विभाग के दो दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी और ड्राइवर ने मिलकर 22 लाख 33 हजार 525 रुपए का पीडीएस बारदाना बाजार में बेच दिया है। तीनों के खिलाफ विभाग के अधिकारियों ने लैलूंगा पुलिस में मामला दर्ज कराया है। दोनों कर्मचारी डीएम पर्ची और गोदाम का स्टॉक पंजी लेकर फरार हो गया हैं। पुलिस अब दोनों की तलाश कर रही है। खास बात यह है कि दोनों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी हैं। ऐसे में शासन को हुई इतनी नुकसानी की भरपाई कहां से होगी यह सवाल उठने लगा है। जिनके खिलाफ पुलिस में एफआईआर कराई गई है उसमें ड्राइवर किशन निषाद, पिता रामचरण निषाद भूंईयापानी लैलूंगा, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी (कलेक्टर दर) देवकुमार यादव पिता छेदूराम वार्ड क्रमांक 06 घरघोड़ा और शिवाकांत तिवारी पिता दिवाकर तिवारी घरघोड़ा शामिल है। तीनों के खिलाफ धारा 173बीएनएस 316(3) 3(5)के तहत अपराध दर्ज किया गया है। बीते एक जून से 31 दिसंबर तक लैलूंगा के भूंइयापानी निवासी वाहन चालक किशन निषाद द्वारा लैलूंगा एरिया के विभिन्न राशन दुकानों से पीडीएस बारदाने का उठाव किया गया था। इसका उपयोग धान खरीदी में किया जाना था। लैलूंगा क्षेत्र के दुकानों से 95 हजार 198 नग बारदाना उठाव किया गया था। इसी तरह घरघोड़ा के राशन दुकानों से 51 हजार 500 और तमनार क्षेत्र के दुकानों से 90 हजार 475 नग कुल 2 लाख 37 हजार 173 नग उठाव किया गया था। इसमें से 1 लाख 44 हजार 907 नग बारदाना विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में पहुंचाया गया। इसके बाद जब भौतक सत्यापन किया गया तो ड्राइवर किशन निषाद के घर में 1650 और विपणन विभाग के घरघोड़ा गोदाम में 1275 नग बारदाना मिला। कुल जमा और भौतिक सत्यापन में मिले 1 लाख 47 हजार 832 बारदाना मिला। याने ड्राइवर किशन निषाद और दोनों दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी देवकुमार यादव और शिवाकांत तिवारी ने मिलकर 89 हजार 341 नग पीडीएस बारदाना कीमत 22 लाख 33 हजार 525 को गबन करने की बात कही जा रही है। तीनों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।



तमनार, घरघोड़ा और लैलूंगा की राशन दुकानों से उठाया था पीडीएस का बारदाना

### आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत है दण्डनीय

शासन के कई नियमों के तहत इसे आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 अनुसार दण्डनीय है। इस मामले में तीनों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करा दिया गया है। पुलिस को सभी साक्ष्य की कापी भी सौंपी गई हैद। याने अब पुलिस द्वारा इनकी तलाश की जा रही है।

### दस्तावेज नहीं किया पेश

जांच के दौरान तीनों से दस्तावेज की मांग की गई, लेकिन कोई दस्तावेज नहीं दिया गया। याने जानबूझकर इस मामले के पूरे दस्तावेज गायब करने की बात कही जा रही है। खास बात यह है कि विपणन विभाग के गोदाम में काम करने वाले दोनों कर्मचारी डीएम (डिलीवरी मेमो) पर्ची और स्टॉक पंजी को लेकर फरार हो गए हैं। जानकारी के अनुसार तीनों ने बाजार में पीडीएस के 89 हजार 341 नग बारदाने को बिक्री कर दिया है। हालांकि जो नुकसान शासन को हुआ है इसकी भरपाई कैसे होगी यह भी सवाल उठ रहा है।

# ओडीएफ घोषित पर वार्ड 45 के 35 परिवार आज भी इस योजना से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सालों पहले रायगढ़ जिला ओडीएफ घोषित हो चुका है, लेकिन आज भी शहर के कुछ क्षेत्रों में लोग खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। वार्ड क्रमांक 42 अमलीभौना में आज भी बुनियादी स्वच्छता सुविधाओं का अभाव बना हुआ है।

यहां के रहवासी शौचालय निर्माण के लिए वर्षों से जद्दोजहद कर रहे हैं, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन और रायगढ़ को ओडीएफ खुले में शौच मुक्त, बनाए रखने के दावों पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। जिसे लेकर एक बार फिर वार्डवासियों द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप शौचालय निर्माण की मांग रखी गई है। कुछ वर्षों पूर्व जहां जिले को ओडीएफ घोषित किया गया थाए लेकिन आज भी कुछ ग्राम पंचायत इस योजना से वंचित रह गए हैं। शहर क्षेत्र में भी एक बार फिर वार्ड क्रमांक 42 में ऐसी स्थिति देखने को मिल रही है। जहां अब तक वार्ड के 35 घरों में शौचालय का निर्माण नहीं कराया जा सका है।वही निम्न वर्ग परिवार होने की वजह से इनकी आर्थिक स्थिति भी ऐसी नहीं है कि वे स्वयं के खर्चे पर इसका निर्माण करा सके। मजबूरी में इन परिवारों के पुरुषों और महिलाओं को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। खासतौर पर महिलाओंए बुजुर्गों और बच्चों को इससे गंभीर असुविधा और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अपनी इस समस्या से आवेदकों द्वारा निगम एवं जिला प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया लेकिन आज पर्यंत इस समय का निवारण नहीं हो सका है। ज्ञात हो कि शासन की ओडीएफ योजना और स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु अनुदान का प्रावधान है।

**आज भी शहर के कुछ क्षेत्रों में लोग खुले में शौच जाने को मजबूर**

# 765 स्कूलों में बाउंड्रीवाल नहीं, कहीं बंदर तो कहीं हाथी का डर कुत्ते भी मंडराते हैं आसपास





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अलग खबर

जिले के 22 सौ स्कूलों में 765 ऐसे जहां बाउंड्रीवाल तक नहीं है। इन स्कूलों में कहीं बंदर तो कहीं हाथी का डर बना रहता है। कुत्ते तो स्कूल भीतर और आसपास मंडराते रहते हैं। जिससे बच्चों से लेकर शिक्षकों में भी दहशत रहता है। बिलासपुर के सकरी में घटी एक घटना ने शिक्षा विभाग के पूरे सिस्टम को हिला दिया है। इसी तरह दर्जनों अस्पताल भी ऐसे हैं जहां परिसर का घेराव नहीं हुआ है।

इसका ताजा उदाहरण मेडिकल कॉलेज के आगे स्थित मातृ शिशु अस्पताल एमसीएच की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह अस्पताल कई वर्षों से संचालित तो हो रहा है, लेकिन आज तक इसके चारों ओर न तो बाउंड्रीवॉल हो पाई है, ना ही गेट लगे हैं, जिससे अस्पताल परिसर में अव्यवस्था और असुरक्षा का आलम बना रहता है। बिना बाउंड्रीवॉल के कारण आवारा पशु भी परिसर में घुस जाते हैं। इससे न केवल अस्पताल की व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि मरीजों और उनकी सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है। जिले में प्रायमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकेंडरी मिलाकर करीब 22 सौ स्कूल संचालित हैं। इसमें से 765 स्कूलों का घेराव नहीं हो पाया है। इन स्कूलों के बच्चों पर खतरा मंडराते रहता है। कारण तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही और जंगली जानवरों से लेकर आवारा कुत्ते वहां मंडराते रहते हैं। इन बच्चों के सुरक्षा को लेकर किसी जिम्मेदार को चिंता ही नहीं है। इस तरह के हालात आज नहीं बल्कि सालों से ही है। अब तक घेराव करने की योजना ही नहीं बनी। कुछ स्कूल तो इसमें नए हैं, इसके बाद भी वहां बाउंड्रीवाल नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार बिल्डिंग स्वीकृति के दौरान बाउंड्रीवाल का प्रावधान नहीं होता है। इसके बाद कोई ध्यान ही नहीं देता है। इसी तरह जिले के अस्पतालों के हालात भी है। दर्जनों अस्पतालों का घेराव नहीं हो सका है। एमसीएच पहाड़ी क्षेत्र के बिलकुल सामने स्थित है। इस संवेदनशील स्थान पर सुरक्षा के लिहाज से अस्पताल परिसर का सुरक्षित होना बेहद आवश्यक है, लेकिन यहां ऐसा कुछ भी नहीं है। अस्पताल परिसर में चारों तरफ आवारा सांड, कुत्तों का झुंड नजर आता है, जोकि कभी भी किसी पर भी हमला कर देते हैं। इन्हें भगाने के लिए कोई गार्ड या कर्मचारी भी नजर नहीं आता। जिससे मरीज व उनके परिजन, खासकर बच्चे डरे सहमे रहते हैं। इसके अलावा एमसीएच के सामने ही मुख्य मार्ग पर असामाजिक तत्वों का अड्डा है, जोकि वहीं पर नशा सेवन करते रहते हैं। दिन हो या रात कई बार उनकी टोली अस्पताल परिसर में संदिग्ध अवस्था में घूमते नजर आती है। जिससे चोरी, छेड़छाड़, लूटपाट, मारपीट जैसी आपराधिक घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है।

### धीमी गति से चल रहा निर्माण कार्य

कुछ माह पहले अस्पताल की बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई थी। डीएम असोसिएट नामक फर्म को इसका ठेका मिला है। ठेका कंपनी द्वारा कछुआ गति से काम किया जा रहा है। जिससे स्थिति जस की तस बनी है।

### करेंगे पत्राचार

सीजीएमएससी के अधिन यह काम हो रहा है जोकि कछुआ गति से चल रहा है। जिससे अस्पताल परिसर में आवारा मवेशी व कुत्ते प्रवेश कर रहे हैं। इस संबंध में शासन को पत्राचार करता हूं।

**डॉ. दिनेश पटेल**
सिविल सर्जन, केजीएच

# चोरों का आंतक, एक ही दिन टूटे दो घरों के ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में एक बार फिर से चोरो नें सूने मकान का फायदा उठाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मंगलवार को चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं में अज्ञात चोरों के द्वारा कुल 2 लाख 10 हजार रुपए और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए गए। दोनों ही परिवार घर में ताला लगाकर त्योहार मनाने बाहर गए थे।

इसी दौरान चोरों ने मौका पाकर कैश और जेवरात पार कर दिए। वहीं इस मामले में संबंधित थानों में अपराध दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। पहला मामला जूटमिल थाना क्षेत्र का है, जहां मिट्ठुमुड़ा के रहने वाले शिव कुमार साव (42) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे पीडी कॉमर्स कॉलेज में चपरासी के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार की सुबह वह परिवार के साथ बड़े भंडार त्योहार मनाने गए थे। सोमवार को घर लौटने पर देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा था।अलमारी का लॉकर तोड़ा गया था और उसमें रखे 80 हजार रुपए कैश और 1 लाख 20 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए। आसपास पूछताछ करने पर कोई जानकारी नहीं मिलने पर शिव कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।रामभांठा के रहने वाले अनिल कुजूर नें अपराध दर्ज कराते हुए बताया कि, वह 26 दिसंबर को अपने परिवार के साथ त्योहार मनाने गृह ग्राम बासाडीह (जिला जशपुर) गए थे।अगले दिन उनके मकान मालिक ने फोन पर सूचना दी की मकान का ताला टूटा है। जब अनिल कुजूर वापस लौटकर कमरे में दाखिल हुए तब उन्होंने देखा कि अलमारी का लॉकर टूटा हुआ है और उसमें रखे लगभग 90 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए हैं। इसके बाद अनिल कुजूर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। फिलहाल, पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।




## बाहर से पहुंची 12 टीमें, घरों में जाकर करेगी बिजली डिस्कनेक्ट

# बिल नहीं चुकाने वालों पर फिर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लंबे समय से बिजली बिल नहीं चुकानें वालों पर एक बार फिर से बिजली विभाग नें कड़ाई करना शुरू कर दिया है।दो दिनों तक अभियान चला कर ऐसे उपभोक्ताओं की बिजली काटी जाएगी,जिसकी शुरूआत मंगलवार से की जा चुकी है।

जिले में कई ऐसे उपभोक्ता हैं, जो नियमित रूप से बिजली का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन बिजली बिल जमा नहीं कर रहे। मंगलवार को 10 हजार रुपए से अधिक के बकायादार विद्युत उपभोक्ताओं की जांच कर बिजली लाइन काटी जा रही है। इस कार्रवाई के लिए बकायदा दूसरे जिले से लगभग 12 टीम जिले में आई हुई है। इस टीम में जेई, 2 लाईन मेन के साथ अन्य कर्मचारी शामिल होंगे। बिजली विभाग के द्वारा इससे पहले दिसबंर माह में भी कार्रवाई की गई थी। जिसमें दो दिनों में 298 बकायादारों का कनेक्शन काटा गया था। इसमें पहले दिन 174 और दूसरे दिन 124 लोगों की लाइन कटी थी। जिसके बाद 153 लोगों से 37 लाख की वसूली की गई थी। वहीं बाद में अन्य कुछ उपभोक्ताओं ने बिजली का बकाया बिल जमा किया।



### 10 हजार से अधिक बकायेदार पर हो रही कार्रवाई

बिजली विभाग के ईई आरके राव ने बताया कि वर्तमान में 10 हजार रुपए से अधिक का बिजली बिल बकायेदारों की सूची में 1 हजार से अधिक लोग हैं। इन बकायदारों को विभाग के द्वारा कई बार नोटिस दिया जा चुका है, इसके बाद भी उन्होंने बिजली बिल नहीं पटाया है।ऐसे में बाहर से टीम आकर बकायदारों के घर में जाकर जांच करेगी और विद्युत विच्छेदन का कार्य किया जाएगा। इससे पहले जिन लोगों ने लाईन काटने के बाद बिना बिल पटाए फिर से लाईन जुड़वाकर बिजली उपयोग करते पाए गए थे, उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## मौसम विज्ञान ने जारी किया दिशा निर्देश

**सुंदरगढ़।** ओडिशा के कई जिलों में अत्यधिक घने से लेकर घने कोहरे को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग आईएमडी ने चेतावनी दी है कि प्रतिकूल दृश्यता की स्थिति 7 जनवरी तक बनी रह सकती है। आईएमडी के मध्याह्न मौसम बुलेटिन के अनुसार, 5 और 6 जनवरी को जाजपुर और नयागढ़ जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक घने कोहरे को लेकर ऑरेंज चेतावनी जारी की गई है। इसी अवधि के दौरान पुरी, खुर्दा, कटक, जगतसिंहपुर, केंद्रापड़ा, ढेंकानाल, गंजाम, कंधमाल, सुंदरगढ़ और गजपति जिलों के लिए घने कोहरे को लेकर येलो चेतावनी जारी की गई है, जहां तड़के सुबह और देर रात के समय दृश्यता में भारी कमी आ सकती है। इसके अलावा, 7 जनवरी को केंद्रापड़ा, जाजपुर, कटक, पुरी, जगतसिंहपुर, सुंदरगढ़, खुर्दा, नयागढ़, गंजाम और गजपति जिलों में अलग-अलग स्थानों पर घने कोहरे की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## सड़क सुरक्षा पर आरएसपी में जागरूकता अभियान

**राउरकेला।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर सेल, राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी में 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान में आरएसपी के कर्मचारियों के साथ.साथ ठेका श्रमिकों की भी उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही हैए जो संगठन की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसी क्रम में 5 जनवरी को कैप्टिव पावर प्लांट.1 के कर्मीसमूह द्वारा सीपीपी.1 से सिंटरिंग प्लांट तक एक मानव श्रृंखला का गठन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य महाप्रबंधक पावर दीपक रॉय तथा महाप्रबंधक प्रभारी ओ एंड एम सीपीपी 1 एनसी परिडा ने किया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं ठेका श्रमिकों सहित 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समन्वय उप महाप्रबंधक सीपीपी 1 एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी रंजीत रंजन, उप प्रबंधक सुरक्षा अभियांत्रिकी रोहित नायक आरएन पाणिग्रही तथा सहायक प्रबंधक रितेश पटेल द्वारा किया गया।

## जन शिकायत में हुई 73 मामलों की सुनवाई

**सुंदरगढ़।** जिला प्रशासन की ओर से जिला सदर मुख्यालय स्थित सद्भावना भवन में संयुक्त जन शिकायत सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती अमृतपाल कौर स्वयं उपस्थित रहे और आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों की शिकायतों का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना था। आयोजित इस जन सुनवाई में कुल 73 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें 44 व्यक्तिगत शिकायतें थीं, जबकि 11 सामूहिक शिकायतें शामिल थीं। प्रशासन द्वारा तत्परता दिखाते हुए 20 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जिससे शिकायतकर्ताओं में संतोष देखने को मिला। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रेषित करते हुए समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए गए। जन शिकायत सुनवाई के दौरान सामाजिक, राजस्व, भूमि विवाद, पुलिस संबंधी मामलों, कल्याणकारी योजनाओं तथा आर्थिक सहायता से जुड़े विषय प्रमुख रूप से सामने आए। मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के लिए 16 आवेदन प्राप्त हुए, जिनकी आवश्यक जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पंचायतों में मनेगा रोजगार व आवास दिवस

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में अब प्रत्येक माह की 07 तारीख को रोजगार दिवस के साथ साथ आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस नवाचारी पहल के तहत ग्रामीणों को रोजगार और आवास से जुड़ी सुविधाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

### कुनकुरी विधानसभा में अटल स्मृति विधानसभा सम्मेलन

# अटल ने दिखाया राष्ट्र निर्माण का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर






कुनकुरी विधानसभा के पमशाला में अटल स्मृति विधानसभा सम्मेलन का आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरूपाल सिंह भल्ला, पूर्व विधायक सत्यानंद राठिया एवं पूर्व विधायक भरत साय ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन जिला भाजपा उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता गुरूपाल सिंह भल्ला ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों, राजनीतिक जीवन एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी ने राजनीति को सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाया। उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाई। भल्ला ने कहा कि आज के कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे अटल जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें।

### अटल के विचारों को आत्मसाद करने का अवसर

कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला भाजपा उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि अटल स्मृति सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को आत्मसात करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने अंत्योदय के सिद्धांत को व्यवहार में उतारते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य किया। उपेन्द्र यादव ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें और भाजपा की नीतियों व सिद्धांतों को जनता के बीच प्रभावी ढंग से रखें।

### सम्मेलन में इनकी रही उपस्थिति

सम्मेलन में प्रमुख रूप से जशपुर नगरपालिका उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव, जिला मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुदबल यादव, डीडीसी अनिता सिंह, मलाती बाई, राजकुमार गुप्ता, अनूप नारायण सिंह, असलम आज़ाद, यदुवर गुप्ता, दिलीप साहू, उमेश यादव, मुक्तेश्वर साय, चरित्र दास बाबा, कौशल्या यादव, रवि यादव सहित भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन के अंत में अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को आत्मसात करने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

### राजनैतिक मदभेदों का बावजूद संवाद और समन्वय

पूर्व विधायक सत्यानंद राठिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे शिखर पुरुष थे, जिन्होंने वैचारिक मतभेदों के बावजूद संवाद और समन्वय की राजनीति को स्थापित किया। उन्होंने कहा कि अटल जी के आदर्शों पर चलकर ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। राठिया ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

### राष्ट्रभक्ति,सादगी और संवेदनशील नेतृत्व

पूर्व विधायक भरत साय ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, सादगी और संवेदनशील नेतृत्व का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि अटल जी के कार्यकाल में देश ने सड़क, संचार, रक्षा और आर्थिक सुधारों के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है और संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त होती है।

# धान खरीदी घोटाला मामले में जुर्म दर्ज, फड़ प्रभारी गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** जिला पुलिस ने कोनपारा धान खरीदी उपकेंद्र में खरीफ वर्ष 2024-25 के दौरान 6 करोड़ 55 लाख रुपए से अधिक की अनियमितता के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) के नोडल अधिकारी की रिपोर्ट पर की गई है। प्राथमिक जांच में खुलासा हुआ कि उपकेंद्र में कुल 1,61,250 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज है, जबकि मिलों व संग्रहण केंद्रों को मात्र 1,40,663.12 क्विंटल धान ही परिदान किया गया। इस तरह 20,586.88 क्विंटल धान की भारी कमी पाई गई। संयुक्त जांच दल के भौतिक सत्यापन में भी मौके पर धान अनुपलब्ध मिला।

### मामले की गहन जांच जारी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि अपेक्स बैंक की रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। एक आरोपी को जेल भेजा जा चुका है, शेष की गिरफ्तारी शीघ्र होगी। मामले में गहन जांच जारी है।

### 6 अधिकारियों-कर्मचारियों पर केस

पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4), 320, 336, 338 व 61 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपियों में भुनेश्वर यादव, प्राधिकृत अधिकारी, जयप्रकाश साहू, समिति प्रबंधक, शिशुपाल यादव फड़ प्रभारी, जितेंद्र साय कंप्यूटर ऑपरेटर, अविनाश अवस्थी सहायक फड़ प्रभारी, चंद्र कुमार यादव उप सहायक फड़ प्रभारी। विवेचना के दौरान फड़ प्रभारी शिशुपाल यादव उम्र 39 वर्ष, निवासी ग्राम झारमुंडा, तुमला को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

# पत्थर खदान और क्रशर प्लांट का ग्रामीणों ने किया विरोध



**जशपुरनगर।** जिले के बागबहार थाना क्षेत्र के कुकरभुका कोयलापहाड़ी गांव में पत्थर खदान और क्रशर प्लांट की स्थापना को लेकर ग्रामीणों का जबरदस्त विरोध सामने आया है। सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के महिला-पुरुष हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर सड़क पर उतरे और प्लांट के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल, पेड़-पौधे और पहाड़ उनके जीवन और आजीविका का आधार हैं, लेकिन कथित तौर पर दस्तावेजों में कूटरचना कर लंबे समय की लीज लेकर यहां पत्थर खदान और क्रशर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। आरोप है कि प्लांट के समीप स्थित गौठान की भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया गया है।

# कोतबा स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली पर कांग्रेस का सत्याग्रह, भूख हड़ताल पर बैठे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतबा में डॉक्टरों की भारी कमी और अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस का गुस्सा फूट पड़ा। मंगलवार को कांग्रेसियों ने न केवल अस्पताल परिसर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की, बल्कि घंटी और थाली बजाकर स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ प्रदर्शन भी किया।

- घंटी-थाली बजाकर किया प्रदर्शन

केवल एक आरएमओ के भरोसे चल रहे इस अस्पताल की स्थिति सुधारने की मांग को लेकर घंटों चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद प्रशासन को झुकना पड़ा।

आंदोलन की शुरुआत बस स्टैंड से हुई, जहाँ बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक एकत्रित हुए। हाथों में 'सत्याग्रह' की तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने एक रैली निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में घंटी, थाली और झुनझुना बजाकर प्रदर्शन किया। रैली के बाद कांग्रेस के दिग्गज नेता अस्पताल परिसर में ही टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए। नेताओं का कहना था कि जब तक अस्पताल में डॉक्टरों की स्थाई नियुक्ति और बुनियादी सुविधाओं का ठोस आश्वासन नहीं मिलता, वे अन्न ग्रहण नहीं करेंगे।

भूख हड़ताल की खबर मिलते ही बागबहार तहसीलदार कृष्णमूर्ति दीवान, नायाब तहसीलदार करन सिंह और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इस सत्याग्रह और भूख हड़ताल का नेतृत्व पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज सागर यादव, रवि शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष सुकृत सिंह, आकाश मित्तल, रत्ना पैंकरा और नगर पंचायत अध्यक्ष हितेंद्र पैंकरा ने किया। बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं भी इस मांग का समर्थन करने अस्पताल पहुंचीं। मामले को बढ़ता देख पत्थलगांव बीएमओ जेम्स मिंज मौके पर पहुंचे और भूख हड़ताल पर बैठे नेताओं से संवाद किया। उन्होंने मौके पर ही निम्नलिखित व्यवस्थाओं का लिखित आश्वासन दिया। प्रशासन के इस सकारात्मक रुख और लिखित आश्वासन के बाद नेताओं ने अपना सत्याग्रह और भूख हड़ताल स्थगित की। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि इस माह की 15 तारीख तक डॉक्टर की पदस्थापना नही होने पर,तो दोबारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# घर से सिलेंडर चोरी करने वाला पकड़ा गया

**राउरकेला।** छेंड थाना अंतर्गत गैस सिलेंडर चोरी के एक मामले में पुलिस ने आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह मामला छेंड थाना कांड संख्या 10, पांच जनवरी को धारा 305 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना कलिंग विहार, छेंड स्थित क्वार्टर संख्या एम आई 20 में घटित हुई। घर मालिक सुब्रत कुमार साहू 41 वर्ष ने थाना में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि दिनांक पांच जनवरी को शाम लगभग 6 बजे एक अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुस आया और रसोई में रखा भारत गैस सिलेंडर चुरा कर भागने लगा। चोरी की जानकारी होते ही सुब्रत कुमार साहू ने आरोपी का पीछा किया। इस दौरान मोहल्ले के एक अन्य व्यक्ति देबाशीष की मदद से उन्होंने आरोपी को गैस सिलेंडर सहित पकड़ लिया और तुरंत पुलिस के हवाले कर दिया। बाद में आरोपी की पहचान प्रकाश रे के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी प्रकाश राय 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरोपी मूल रूप से छेंड कॉलोनी का निवासी है तथा वर्तमान में शांतिनगर बस्ती, सेक्टर 14 में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किया गया एक भारत गैस सिलेंडर बरामद कर लिया है, जिसे जब्त कर लिया गया है।



### पुलिस ने किया दो शातिर चोरों को गिरफ्तार

यह मामला थाना कांड संख्या 03, 02 जनवरी को धारा 331(4)/305 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था, जिसे बाद में 331(4)/305/3(5) बीएनएस में परिवर्तित किया गया। 22 दिसंबर की रात लगभग 10 बजे संध्यारानी महापात्र 42 वर्ष अपने परिवार के साथ शीतकालीन अवकाश मनाने भुवनेश्वर गई थीं। 2 जनवरी की सुबह सवा 4 बजे जब वे अपने छेंड स्थित एल.66 स्थित आवास पर लौटीं, तो घर के मुख्य दरवाजे और अलमारी के ताले टूटे मिले। जांच में नकद 30 हजार सहित चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान चोरी होने की पुष्टि हुईए जिसकी अनुमानित कीमत करीब चार लाख रुपये आंकी गई। पुलिस ने त्वरित जांच के बाद मालगोदाम वार्ड नंबर.9, उदितनगर निवासी चंदन सिंह 33 और कासीनाथ माझी 36 को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से चांदी की प्लेट, पायल, बिछिया, कान के फूलए कलाई अंगूठी, सुनहरे रंग की घड़ी, नकद तीन हजार रुपये तथा एक होंडा ग्रेज़िया स्कूटी जब्त की गई है।

# सुंदरगढ़ में अवैध रेत परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई, दो ट्रैक्टर जब्त

**सुंदरगढ़।** जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत धरुआडीही पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रेत परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है। यह कार्रवाई नियमित जांच अभियान के दौरान की गई, जब पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ वाहन बिना वैध अनुमति के रेत का परिवहन कर रहे हैं। सूचना के आधार पर धरुआडीही थाना पुलिस ने संबंधित क्षेत्र में नाकाबंदी कर जांच शुरू की। इसी दौरान दो ट्रैक्टर रेत लादकर आते हुए पाए गए। पुलिस द्वारा दस्तावेजों की जांच किए जाने पर चालक वैध परमिट, चालान अथवा अन्य आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने दोनों ट्रैक्टरों को मौके पर ही जब्त कर थाना परिसर ले जाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध रेत खनन और परिवहन पर रोक लगाने तथा प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में शामिल सभी व्यक्तियों के खिलाफ खनन अधिनियम एवं अन्य संबंधित कानूनों के प्रावधानों के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान यह भी पता लगाया जा रहा है कि रेत कहां से लाई जा रही थी और इसे किस स्थान पर ले जाया जा रहा था, ताकि इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा सके।

### गम्हरिया नगर प्रवेश द्वार पर की गई प्रकाश की व्यवस्था

# शहर की प्राचीन विरासत और धरोहर को सहेजने का किया जा रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी एवं जनहितकारी नेतृत्व में जशपुर के चौक चौराहों और प्राचीन विरासत को सहेज कर किया जा रहा रोशन।

- शहर के 6 जगहों को सीएसआर मद से जगमगाने की तैयारी

कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जशपुर नगरी निकाय क्षेत्र में रात्रि कालीन सौन्दर्य और सुरक्षा के दृष्टिकोण से शहर के 6 जगहों पर प्रकाश की व्यस्था की जा रही है। इनमें शहर के दो प्रवेश द्वार एक गम्हरिया चौक गिरांग से जशपुर आने वाले प्रवेश द्वार जिला पुरातत्व संग्रहालय, जिला ग्रन्थालय, जुदेव प्रतिमा चौक, महाराज चौक,बेल पहाड़ के पास सीएसआर मद से आकर्षक सुन्दर लाइट व्यस्था की जा रही है। इसके साथ ही राज्य की साय सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर विद्युत सब-स्टेशनों की स्थापना, ट्रांसमिशन लाइनों के विस्तार तथा वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। इन प्रयासों से जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं स्थिर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। साय सरकार द्वारा जशपुर जिले के हर्राडांड में प्रदेश के पांचवें 400/220 केवी उच्च क्षमता वाले विद्युत उपकेंद्र की स्थापना को मंजूरी दी गई है।

जिसकी निविदा प्रक्रिया पूर्ण के बाद निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगी, जो पूरे सरगुजा संभाग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इसके साथ ही फरसाबहार एवं झिक्की बगीचा में 132/33 केवी सब-स्टेशन की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे क्षेत्रीय बिजली भार का संतुलन बेहतर होगा।



### बिजली के साथ विकास को मिली नई रफ्तार

जिलेवासियों का कहना है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले को मिली विद्युत सौगातों से न केवल बिजली व्यवस्था मजबूत हुई है, बल्कि कृषि, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी विकास को नई गति मिली है। निर्बाध बिजली आपूर्ति से आमजन के दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। निस्संदेह, साय सरकार की यह पहल जशपुर को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाते हुए विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है।

### करोड़ों की प्रशासकीय स्वीकृति

सके अलावा जिले के सलिहाटोली, विपतपुर, भगोरा, समडमा, मैनी, रेड़े (पथलगांव), पालीडीह, खुटेरा एवं चेटवा में 33/11 केवी विद्युत सब-स्टेशन के निर्माण हेतु करोड़ों रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इन सभी परियोजनाओं के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण की जा रही हैं और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। 117 नए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की स्थापना ,ग्रामीण इलाकों की लो वोल्टेज समस्या से हमेशा के लिए मिलेगी निजात नए सब-स्टेशनों एवं ट्रांसमिशन नेटवर्क सहित ग्रामीण इलाकों में 117 नए ट्रांसफार्मर की स्थापना की जा चुकी है। जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से चली आ रही लो वोल्टेज की समस्या से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिलेगी, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं, व्यापारियों और लघु उद्योगों को भी सीधा लाभ पहुंचेगा।

## विमानतल क्रियान्वयन समिति और इएसआई मेडिकल कॉलेज का प्रदर्शन



**राउरकेला।** राउरकेला ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज व सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल क्रियान्वयन समिति के सदस्यों द्वारा राउरकेला वासियों की 15 वर्षों से अधिक पुरानी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन प्रारंभ किया गया। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की राउरकेला में स्थापना की मांग को लेकर आरएमसी कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया गया है। राउरकेला विमानतल क्रियान्वयन समिति ने यह भी मांग की है कि मुख्यमंत्री द्वारा एक माह पूर्व, 1 फरवरी को राउरकेला दौरे के दौरान राउरकेला वासियों को दिए गए आश्वासन को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए। आंदोलनकारियों ने राउरकेला विमानतल को आईएलएस /एनएलएस सुविधा से लैस करने, एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया एएआई के स्वामित्व में लाने तथा 4 सी लाइसेंस प्राप्त सुविधा के रूप में उन्नत करने की मांग भी की है।

# स्पंज आयरन फैक्ट्री से उड़ा रहा काला धुआं, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की चुप्पी



**राउरकेला।** किसी आम नागरिक की बाइक से थोड़ा भी काला धुआं निकल जाए, तो प्रदूषण प्रमाणपत्र अनिवार्य हो जाता है और इसके लिए 60 से 100 रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं। लेकिन दिन दहाड़े काला धुआं उगलकर स्थानीय पर्यावरण और जनजीवन को अस्त व्यस्त करने वाली शिवा मेटालिक स्पंज आयरन फैक्ट्री के प्रदूषण प्रमाणपत्र की कीमत आखिर कितनी है यह सवाल अब क्षेत्र में जोर पकड़ रहा है।

बणाई ब्लॉक के केंद्रीकला ग्राम पंचायत अंतर्गत गुरुंडुपाली मौजा में स्थित इस फैक्ट्री से निकलने वाले काले धुएँ के बीच बणाई शहर सहित आसपास के गांवों के लोग दिन गुजारने को मजबूर हैं। फैक्ट्री की मनमानी गतिविधियों के कारण लंबे समय से केंद्रीकला, उपरपड़ा, बाबुनुआगांव, अलेखपुर, दरेईकला, गोविंदपुर, पांडुरीशीला, उपरबाहाल, बरहामूसा सहित अनेक गांवों के निवासी गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं और विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर समाचार पत्रों में कई बार खबरें प्रकाशित होने के बावजूद स्थानीय प्रशासन केवल पत्राचार कर अपनी जिम्मेदारी पूरी करता नजर आता है, जबकि प्रदूषण नियंत्रण विभाग गहरी नींद में सोया हुआ प्रतीत हो रहा है। कितनी भी शिकायतें की जाएँ, फैक्ट्री प्रबंधन न तो स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करता है और न ही प्रदूषण विभाग की चेतावनियों का। दिन के समय प्रदूषण की मात्रा कुछ कम कर दी जाती है, लेकिन रात होते ही फैक्ट्री से बेहिसाब काला धुआँ छोड़ा जाता है। नतीजतन, चिमनियों से निकलने वाला यह काला जहर बणाई शहर समेत पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले रहा है। वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुँच चुका है।



# द केरल स्टोरी के मेकर्स ने की नई फिल्म की घोषणा

**मुंबई।** साल 2023 में निर्माता विपुल शाह 'द केरल स्टोरी'लेकर आए थे। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा था। अब मेकर्स एक बार फिर इसी तरह की कहानी लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने सोमवार को नई फिल्म की घोषणा कर दी है, जिसका नाम 'बियॉन्ड द केरल स्टोरी'है। हालांकि, इस फिल्म की स्टारकास्ट और डायरेक्टर पूरी तरह से अलग और नए हैं। सनशाइन पिक्चर्स और विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित इस फिल्म को कामाख्या नारायण सिंह निर्देशित करेंगे। मेकर्स द्वारा जारी किए गए वीडियो में अभी कोई सीन या कोई कलाकार नजर नहीं आया है।

लाइफ Style

# कल्याणी
## बॉलीवुड में करने जा रहीं डेब्यू

'लोका चैप्टर 1' से सुर्खियां बटोरने वाली कल्याणी प्रियदर्शन के अब बॉलीवुड में डेब्यू करने की चर्चाएं हैं। कल्याणी रणवीर सिंह के साथ बॉलीवुड में कदम रख सकती हैं।अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन ने साल 2025 में सुपरहिट मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1: चंद्रा'में अपने अभिनय से काफी सुर्खियां बटोरीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों दोनों ने ही पसंद किया था। 'लोका' की सफलता के बाद अब ऐसा लगता है कि कल्याणी बॉलीवुड में भी अपना डेब्यू करने जा रही हैं। इसके लिए वो काफी उत्साहित हैं। ऐसी चर्चाएं उठ रही हैं कि कल्याणी प्रियदर्शन जल्द ही बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर सकती हैं। चर्चाएं ये भी हैं कि कल्याणी रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'प्रलय' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन, ये चर्चाएं तेज हुईं कल्याणी की एक इंस्टाग्राम स्टोरी के चलते। दरअसल, हाल ही में कल्याणी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर साझा की और 'प्रलय' के निर्देशक जय मेहता को टैग किया। ये तस्वीर जोस सारामागो द्वारा लिखित उपन्यास 'ब्लाइंडनेस' की थी। इसे कल्याणी आजकल पढ़ रही हैं। कल्याणी ने इस गिफ्ट के लिए जय को धन्यवाद दिया। अपनी स्टोरी में जय को टैग करने के बाद से ही कल्याणी के बॉलीवुड डेब्यू की चर्चाएं तेज हो गई हैं। कल्याणी के नॉवेल 'ब्लाइंडनेस' की तस्वीर शेयर करने से उनके प्रलय में नजर आने की चर्चाएं इसलिए भी उठ रही हैं, क्योंकि इस किताब में हानि, दिशाहीनता और कमजोरी की एक इमोशनल कहानी है।



हॉलीवुड मसाला



# 170 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले दिग्गज अभिनेता अह्न सुंग की का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने महज एक बाल कलाकार के रूप में अभिनय की दुनिया में कदम रखा था और फिर धीरे-धीरे कोरियन सिनेमा के सबसे सम्मानित चेहरों में शुमार हो गए। करीब सात दशकों तक इंडस्ट्री में सक्रिय रहने वाले अह्न ने 170 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और हर पीढ़ी के दर्शकों के दिलों में अपनी अलग पहचान बनाई।



# विक्टोरिया की मौत के कारण का खुलासा!

**लॉस एंजिल्स।** नए साल के पहले ही दिन पूरा हॉलीवुड उस वक्त सकते में आ गया, जब स्टार आइकन और ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुके टॉमी ली जोन्स के घर से बेहद बुरी खबर आई। पता चला कि 1 जनवरी को उनकी बेटी विक्टोरिया जोन्स की मौत हो गई। वह महज 34 साल की थीं। विक्टोरिया की लाश सैन फ्रांसिस्को के एक होटल के कमरे में मिली। पहले जहां के मौत का कारणों को लेकर कोई जानकारी नहीं आ रही थी, वहीं अब खबर है कि विक्टोरिया की मौत शायद ड्रग ओवरडोज से हुई है। यह बात उनकी मौत से जुड़े इमरजेंसी डिस्पैच ऑडियो से पता चलती है। एक मैगजीन का दावा है कि उसके पास डिस्पैच ऑडियो है, जिसमें 911 इमरजेंसी कॉल को 'ओवरडोज के लिए कोड 3' और 'रंग में बदलाव' के रूप में कटैगराइज किया गया है।



# दीपिका नए टैलेंट को देंगी पहचान...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जन्मदिन के मौके पर अपने फैंस को एक रिटर्न गिफ्ट दिया है। उन्होंने नई क्रिएटिव जेनरेशन को आगे बढ़ाने के लिए एक नया प्रोग्राम लॉन्च किया है। दीपिका पादुकोण ने अपने जन्मदिन पर नए और युवा क्रिएटिव टैलेंट को आगे बढ़ाने के लिए एक पहल शुरू की है। सच्ची कहानियों और नए टैलेंट को आगे बढ़ाने की सोच के साथ दीपिका ने 'द ऑनसेट प्रोग्राम'की शुरुआत की घोषणा की है। यह उनके क्रिएट विद मी प्लेटफॉर्म का अगला कदम है। इसका मकसद ऐसे नए क्रिएटिव आर्टिस्ट्स को मौका देना है, जो इंडियन फिल्म, टीवी और विज्ञापन की दुनिया में अपना करियर बनाना चाहते हैं। उनके टैलेंट सही मायनों में सामने आ सके इसलिए यह प्लेटफॉर्म बनाया गया है।



# विनीत ने शुरू की नई फिल्म की शूटिंग

**मुंबई।** विनीत कुमार सिंह ने नए साल की शुरुआत नई ऊर्जा और नए प्लान के साथ की है। 2025 उनके लिए शानदार रहा, जिसमें एक के बाद एक हिट फिल्में आईं। इनमें उनकी बड़ी सफलता 'छावा' भी शामिल है। अब 2026 की शुरुआत उनके लिए और भी धमाकेदार हो रही है। उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट को लेकर सोशल मीडिया हैंडल पर पूजा मुहूर्त का वीडियो और तस्वीरें शेयर की हैं। विनीत ने शूटिंग के पहले दिन की कुछ तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किए। इनमें टीम पूजा करती दिख रही है और विक्रम सेट पर काम करते नजर आ रहे हैं। एक वीडियो में विनीत अपनी को-स्टार सैयामी खेर के साथ आरती करते दिखे। टीम के बाकी लोग पीछे खड़े नजर आ रहे हैं। एक और क्लिप में विनीत भावुक होकर विक्रम को गले लगाते नजर आए।

टीवी मसाला



# केबीसी के 17वें सीजन के खत्म होने पर अटका महसूस कर रहे बिग बी

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति का 17वां सीजन समाप्त हो चुका है। ऐसे में अमिताभ बच्चन को केबीसी के सेट की बहुत याद सता रही है। होस्ट अमिताभ बच्चन ने भावुक होकर सीजन को अलविदा तो कह दिया, लेकिन अब वह खुद को अटका हुआ महसूस कर रहे हैं। लोकप्रिय गेम शो केबीसी के सीजन 17 का ग्रैंड फिनाले 2 जनवरी को रात 9 बजे दिखाया गया। अब अपने ब्लॉग पर अमिताभ ने बताया कि सीजन खत्म होने के बाद उन्हें अटका हुआ सा महसूस हो रहा है। वे सामान्य कामकाज में वापस लौटने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी ताजा पोस्ट में अमिताभ ने लिखा, 'सीजन खत्म हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं और दिन बहुत लंबे लग रहे हैं। काम की नैतिकता बनाए रखने का मन नहीं कर रहा। काम न करना एक गीले, बड़े बंजर इलाके में धीमी चाल चलने जैसा है।' उन्होंने आगे लिखा, 'इसमें अटक गया हूं... थके पैरों को बाहर निकालकर आगे बढ़ने की पूरी कोशिश करूंगा।' अमिताभ आखिरी बार फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में दिखे थे। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस साइंस फिक्शन फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण और कमल हासन भी थे। अमिताभ ने अश्वत्थामा का रोल निभाया, जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया। 'कल्कि 2898 एडी' का दूसरा भाग भी आएगा, जिसमें बिग बी अश्वत्थामा के किरदार को दोहराएंगे।

## गौरव को अब तक नहीं मिली जीती हुई कार

**नई दिल्ली।** टेलीविजन के लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के विजेता गौरव खन्ना अपने व्लॉग में जीत को लेकर बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। शो खत्म हुए एक महीने से ज्यादा का वक्त बीत चुका है, लेकिन गौरव को अब तक वह कार नहीं मिली है, जो उन्हें विजेता बनने पर इनाम के तौर पर दी जानी थी। हाल ही में अपने एक व्लॉग के जरिए गौरव ने इस मुद्दे पर हल्के-फुल्के अंदाज में बात की। गौरव खन्ना ने यह खुलासा अपने यूट्यूब चैनल पर डाले गए व्लॉग में किया, जिसमें उनके साथ 'बिग बॉस 19' के को-कंटेस्टेंट प्रणित मोरे भी नजर आए। दोनों शो के अनुभवों को याद करते हुए डिनर पर बातचीत कर रहे थे। इस दौरान गौरव ने मजाकिया लहजे में कहा कि वह अब भी हाथों से खाना खा रहे हैं, जैसे उन्होंने घर के अंदर सीखा था, जबकि प्रणित चम्मच का इस्तेमाल कर रहे थे। इसी बातचीत के बीच कार का मुद्दा भी सामने आ गया। जब प्रणित ने हंसी-मजाक में गौरव से कहा कि अपनी जीती हुई कार भी उन्हें दे दें, तो इस पर गौरव ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि उन्हें खुद अभी तक वह कार नहीं मिली है।



# एक्शन-रोमांस से लेकर सस्पेंस-कॉमेडी तक इस हफ्ते ओटीटी पर आएगा एंटरटेनमेंट का सैलाब



**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत ओटीटी दर्शकों के लिए बेहद खास रहने वाली है। इसी हफ्ते मच अवेटेड वेब सीरीज, रियलिटी शोज और फिल्में अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर दस्तक देने को तैयार हैं। रोमांच से लेकर बिजनेस पिचिंग, जबरदस्त एक्शन, रोमांस, थ्रिलर और रियलिटी ड्रामा तक- हर तरह के कंटेंट से यह हफ्ता भरपूर रहने वाला है।

***मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9*** : इस हफ्ते सबसे पहले दर्शकों को मास्टरशेफ इंडिया-हिंदी सीजन 9 देखने को मिलेगा। ये खाना बनाने का शो 5 जनवरी से सोनी लिव प्लेटफॉर्म पर शुरू गया है। यह कार्यक्रम सोनी टीवी चैनल पर भी उपलब्ध होगा और नए एपिसोड हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे दिखाई जाएंगे।

***शार्क टैंक इंडिया सीजन 5*** : 5 जनवरी को शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 भी रिलीज हो गया है। यह कार्यक्रम सोनी लिव प्लेटफॉर्म पर दिख रहा है। इस सीजन भी पहले की ही तरह कई तरह की नए बिजनेस पिचेस को शार्क के सामने पेश किया जाएगा।

***अखंडा 2*** : तेलुगु भाषा की एक बड़ी फिल्म अखंडा 2, 9 जनवरी को नेटफ्लिक्स प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। यह एक कल्पनात्मक और रोमांचक कथा है जिसमें दर्शकों को कथानक देखने को मिलेंगे। इस फिल्म में नंदमूरी बालकृष्ण कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं और यह पिछले भाग की कहानी को आगे बढ़ाएगी।

***दे दे प्यार दे 2*** : रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' भी 9 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर जारी होगी। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की इस फिल्म को सिनेमाघरों में कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। अब देखने वाली बात ये होगी कि ये फिल्म ओटीटी पर क्या कमाल दिखाती है।

***मास्क*** : तमिल भाषा की मास्क नामक एक्शन और रहस्य से भरी फिल्म 9 जनवरी को जी5 प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। यह फिल्म अपनी तेज रफ्तार कहानी और रोमांचक सीन के कारण दर्शकों के बीच उत्साह पैदा करेगी।

# नए साल पर छुट्टियां मनाकर लौटे

*मुंबई। बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन नए साल का जश्न मनाकर अब विदेश से भारत लौट चुके हैं। बेटी आराध्या के साथ एयरपोर्ट पर नजर आए ऐश्वर्या और अभिषेक की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें तीनों मुस्कराते हुए नजर आ रहे हैं। खास बात यह रही कि ऐश्वर्या ने फैंस और पैपराजी को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इस छोटे से जेस्चर ने सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया। कई यूजर्स ने इसे परफेक्ट फैमिली मोमेंट'बताया तो कुछ ने कपल को नए साल की बधाई दी। हालांकि, कई बार ऐसी अफवाहें आईं कि ऐश्वर्या और अभिषेक एक-दूसरे से अलग हो रहे हैं, लेकिन समय-समय पर कपल ने सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया। इस दौरान तीनों ब्लैक कलर के साथ ट्विनिंग करते हुए नजर आए। इससे पहले न्यूयॉर्क से भी ऐश्वर्या और अभिषेक की कुछ तस्वीरें सामने आई थीं, जिनमें दोनों कपल गोल्स देते हुए नजर आए थे। बिना किसी शोर-शराबे के परिवार के साथ समय बिताना हमेशा से इस कपल की प्राथमिकता रही है।*



## ऑल हर फॉल्ट की सारा स्नूक को लिमिटेड सीरीज में चुना गया बेस्ट एक्ट्रेस

# टिमोथी बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का फिल्मों में रहा दबदबा

*लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स में से एक 31वें क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन 5 जनवरी को किया गया। इस साल का समारोह कई मायनों में खास रहा, जहां फिल्मों के साथ-साथ वेब और टीवी सीरीज ने भी अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। अमेरिका के सांता मोनिका स्थित बार्कर हैंगर में आयोजित इस भव्य आयोजन में दुनियाभर के क्रिटिक्स द्वारा चुने गए बेहतरीन कलाकारों और क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया।*

### 'वन बैटल आफ्टर अनदर' बनी बेस्ट फिल्म

इस साल की सबसे बड़ी विजेता बनकर उभरी 'वन बैटल आफ्टर अनदर', जिसने बेस्ट फिल्म का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। इतना ही नहीं, फिल्म के निर्देशन के लिए मशहूर फिल्ममेकर पॉल थॉमस एंडरसन को भी सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड मिला। यह फिल्म अपनी दमदार कहानी, विजुअल ट्रीटमेंट और निर्देशन के चलते पहले से ही चर्चा में थी और अब अवॉर्ड्स में इसकी जीत ने इसे साल की सबसे प्रभावशाली फिल्मों में शामिल कर दिया है।

### जैकब बने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता

एक्टिंग कैटेगरी की बात करें तो टिमोथी चालमेट ने फिल्म 'मार्टी सुप्रीम'के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता, जबकि जैसी बकली को 'हैमनेट'में शानदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया। सपोर्टिंग रोल्स में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जहां जैकब एलॉर्डी ने 'फ्रैंकनस्टीन' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का अवॉर्ड अपने नाम किया, वहीं एमी मैडिगन को 'वेपन्स' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का सम्मान मिला।



**द स्टूडियो को बेस्ट कॉमेडी सीरीज का खिताब** : कॉमेडी और ड्रामा सीरीज की कैटेगरी में भी कई चर्चित नामों ने बाजी मारी। द स्टूडियो को बेस्ट कॉमेडी सीरीज का खिताब मिला, जबकि जीन स्मार्ट, जैनेल जेम्स और आइक बारिनहोल्ट्ज़ ने अपने-अपने अभिनय के लिए अवॉर्ड जीते। ड्रामा सीरीज में द पिटके नोआ वाइल और कैथरीन ला नासा, सेवेरेंस के ट्रैमल टिलमैन और प्लूरिबस की रिया सीहॉर्न को सम्मानित किया गया।

**गोल्डन को बेस्ट सॉन्ग का अवॉर्ड** : एनीमेशन और म्यूजिक की दुनिया में 'के-पॉप डेमन हंटर्स'ने खास पहचान बनाई। फिल्म को बेस्ट एनिमेटेड फीचर और इसके गाने 'गोल्डन' को बेस्ट सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। वहीं 'स्क्विड गेम' को बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज सीरीज और 'द सीक्रेट एजेंट' को बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म चुना गया। इस बार का समारोह इसलिए भी खास रहा क्योंकि इसमें कई नई कैटेगरीज जोड़ी गईं, जिनमें कास्टिंग और एंसेंबल जैसी श्रेणियां शामिल हैं।

***एडोलसेंस सीरीज ने भी जीते कई अवॉर्ड्स*** : *टीवी और लिमिटेड सीरीज कैटेगरी में 'एडोलसेंस'का जलवा साफ नजर आया। इस सीरीज के कलाकारों ने लगभग हर प्रमुख अभिनय श्रेणी में जीत दर्ज की। स्टीफन ग्राहम को लिमिटेड सीरीज में बेस्ट एक्टर, ओवेन कूपर को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर और एरिन डोहर्टी को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। वहीं 'ऑल हर फॉल्ट' की सारा स्नूक को लिमिटेड सीरीज में बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया।*

**विजेताओं की लिस्ट**

| | |
|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ फिल्म | वन बैटल आफ्टर अनदर |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | टिमोथी चालमेट, 'मार्टी सुप्रीम' |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | जेसी बकली, 'हैमनेट' |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता | जैकब एलोर्डी, फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री | एमी मैडिगन, वेपन्स |
| सर्वश्रेष्ठ युवा अभिनेता या अभिनेत्री | माइल्स कैटन, सिनर्स |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | पॉल थॉमस एंडरसन, वन बैटल आफ्टर अनदर |
| सर्वश्रेष्ठ मौलिक पटकथा | रायन कूगलर, सिनर्स |
| सर्वश्रेष्ठ रूपांतरित पटकथा | पॉल थॉमस एंडरसन, वन बैटल आफ्टर अनदर |
| सर्वश्रेष्ठ कास्टिंग और एन्सेंबल | फ्रैंसिन मैसलर, सिनर्स |
| सर्वश्रेष्ठ छायांकन | एडोल्फो वेलोसो, ट्रेन ड्रीम्स |
| सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन | फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ संपादन | स्टीफन मिरियोन, एफ़ वनः द मूवी |
| सर्वश्रेष्ठ परिधान डिजाइन | फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ हेयर और मेकअप | फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव | अवतारः फायर एंड ऐश |
| सर्वश्रेष्ठ स्टंट डिजाइन | मिशनः इम्पॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग |
| सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फीचर | के-पॉप डेमन हंटर्स |
| सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी | द नेकेड गन |
| सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म | द सीक्रेट एजेंट |
| सर्वश्रेष्ठ गीत | गोल्डन, के-पॉप डेमन हंटर्स |
| सर्वश्रेष्ठ संगीत | लुडविग गोरान्सन, सिनर्स |

## खबर संक्षेप

### वारिसों के लिए किया गया 4-4 लाख स्वीकृत

**सारंगढ़।** जिले में प्राकृतिक आपदा से हुए मौत परए सभी मृतकों के वारिस के लिए राजस्व पुस्तक परिपत्र आरबीसी 6-4 के तहत चार लाख रूपये का आर्थिक सहायता स्वीकृत किया है। इसमें तालाब के पानी में डूबने से हुई मौत पर सारंगढ़ के पैलपारा के मृतक भावेश चौहान की माता चित्तकुंवर चौहान के लिएए आकाशीय बिजली से मौत मामले में सारंगढ़ तहसील के ग्राम जसपुर के मृतक विजय माली की पत्नी साधमती माली और बरमकेला तहसील के ग्राम बोईरडीह के मृतक भानु प्रताप साहू की पत्नी सीमा साहू के सयुंक्त परिवार के लिए चार लाख रूपए स्वीकृत किया है।

### कल से होगा विप्लव त्रिपाठी वार्ड विजेता कप

**रायगढ़।** शहर के युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पंजरी प्लांट युवा संघ के तत्वाधान में शानदार चौथे वर्ष शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्मृति वार्ड विजेता टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आगामी 8 फरवरी से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक वार्ड के खिलाड़ी अपने वार्ड की टीम से खेल सकेंगे। जिसमें कप्तानी की जवाबदारी वार्ड पार्षद स्वयं निभाएंगे। नगर निगम क्षेत्र के 48 वार्ड में से केवल 32 वार्ड की टीम ही प्रतियोगिता में हिस्सा ले पाएगी। इसलिए आगामी 1 फरवरी तक निर्धारित अग्रिम राशि 1500 रुपए आयोजन समिति के पास जमा कराकर अपने वार्ड की टीम का प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं।

### सेवाकुंज में आज होगा हिंदू सम्मेलन

**रायगढ़।** सेवाकुंज में आज हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन समाज में एकता, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक जागरण के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, सम्मेलन का उद्देश्य समग्र हिंदू समाज को संगठित करना, हिंदू शक्ति का जागरण करना तथा समाज में नई ऊर्जा, चेतना और आध्यात्मिक बल का संचार करना है। इसके साथ ही राम राज्य की स्थापना के संकल्प को सिद्ध करने तथा समाज को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## श्रद्धांजलि...

### स्वर्णलता देवी

**कोसीर।** कुछ दिन पूर्वा भाजपा नेता एवं छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव की माताजी श्रीमती स्वर्णलता देवी का निधन हो गया था। जिसकी शोक कार्यक्रम था तथा उनके पूज्य दादाजी की पुण्यतिथि भी था । इस दुख की बेला पर शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। और परिवार से सांत्वना प्रकट की। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करें। जिला कार्यकारिणी सदस्य देवकूमारी लहरे के साथ श्रीमती रूपा देव सिह, उमेश विश्वकर्मा, महेंद्र लहरे एवं मालिक राम जोल्हे सम्मिलित रहे।



---

### राष्ट्र हित, शिक्षा हित, शिक्षार्थी एवं शिक्षक हित पर हुआ मंथन

# शिक्षा से ही बदलेगा हमारा राष्ट्र शिक्षक इसकी धुरी हैं: चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा अपने चार पुरुषार्थ राष्ट्रहित, शिक्षाहित, शिक्षार्थी हित एवं शिक्षक हित की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आयोजित दो दिवसीय प्रांत स्तरीय शिक्षक सम्मेलन एवं शैक्षिक संगोष्ठी के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्र हित, शिक्षा हित, शिक्षार्थी हित एवं शिक्षक हित जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार विमर्श किया गया।

■ दो दिवसीय प्रांत स्तरीय शिक्षक सम्मेलन का गरिमामय समापन

समापन कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



कार्यक्रम को संबोधित करते वित्त मंत्री।

उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य शिक्षा से ही बदलता है और शिक्षा की गुणवत्ता का सीधा संबंध शिक्षक की सोच, संस्कार और नवाचार से होता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक भारत की सबसे बड़ी ताकत यह है कि एक सामान्य परिवार का बच्चा भी शिक्षा के बल पर सर्वोच्च पदों तक पहुंच सकता है। उन्होंने अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षक केवल विषय पढ़ाने वाला नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र का निर्माता होता है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि शिक्षक केवल बच्चों को शिक्षित ही नहीं करते, बल्कि उन्हें जीवन के उतार चढ़ाव से लड़ने योग्य बनाते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारों के साथ साथ कर्तव्यों, गुणवत्ता और नवाचार पर केंद्रित यह सम्मेलन वास्तव में प्रशंसनीय है। सम्मेलन का आयोजन 3 एवं 4 जनवरी को किया गया था। इस सम्मेलन में प्रदेश के सुकमा, दंतेवाड़ा, बस्तर, सरगुजा, कबीरधाम सहित 33 जिलों के शिक्षक प्रतिनिधि शामिल हुए।

---

### 8 जनवरी तक रायपुर में होगी कुश्ती, फुटबॉल हॉकी का चयन ट्रायल

**रायगढ़।** भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स का प्रथम संस्करण छत्तीसगढ़ राज्य में 14 फरवरी से होना निर्धारित किया गया है, जिसमें कुल 07 खेल तथा 02 डेमो खेल को सम्मिलित किया गया है। राज्य दल की भागीदारी सुनिश्चित करने खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 6 से 8 जनवरी तक रायपुर एवं बिलासपुर में होना निर्धारित है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का सशक्त माध्यम हैं। छत्तीसगढ़ राज्य खेल प्रतिभाओं से समृद्ध है तथा राज्य के प्रत्येक जिले में शामिल खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी उपलब्ध हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स का चयन ट्रायल रायपुर में 6 से 8 जनवरी तक आयोजित होगा जिसमें वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल एवं हॉकी खेल शामिल हैं।

---



# रकबा समर्पण के लिए अधिकारी बना रहे दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

रकबा समर्पण के लिए अधिकारियों द्वारा बनाए जा रहे दबाव और एग्रीस्टेक की समस्या को लेकर दर्जनों किसानों ने पुसौर तहसील के बड़े हल्दी सोसायटी के उप धान खरीदी केन्द्र कोसमंदा में प्रदर्शन किया।

जानकारी के मुताबिक खरीदी शुरु होने के पूर्व शासन द्वारा एग्रीस्टेक में पंजीयन कराया गया था। जिसमें किसानों ने पंजीयन तो कराया था, लेकिन कई किसानों का रकबा अब भी एग्रीस्टेक के सूची में शामिल नहीं है। वहीं प्रति एकड़ 21 क्विंटल के धान खरीदी के आदेश के विरूद्ध पटवारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा रकबा समर्पण के लिए दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही किसानों के घर पहुंच कर इसकी जांच की जा रही है, जिससे किसानों में रोष बढ़ती जा रही है। जिसके कारण कोसमंदा के किसानों ने सोसायटी में प्रदर्शन किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा पहुंचे थे। साथ ही नोडल एवं आरईओ भी मौजूद रहे। किसानों का कहना है कि बड़े किसानों का 5 एकड़ तक अभी भी एग्रीस्टेक नहीं हुआ जिसमें ये धान बेच नहीं पायेंगे और 5 एकड़ से नीचे के किसानों के रकबा समर्पण के लिए पटवारी द्वारा ऐसा वातावरण निर्मित किया जा रहा है जिसमें वे रकबा समर्पण के लिये विवश हो रहे हैं। किसानों ने बताया कि अधिकारी कभी-कभी धान जांच करने घर तक पहुंच जाते हैं।

---

# ग्राम पिकरीपाली में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र से उप प्रबंधक श्री ध्रुव तथा मास्टर ट्रेनर टूकेशवर कोशले विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर प्रतिभागियों को उद्यमिता के क्षेत्र में प्रोत्साहित किया। मास्टर ट्रेनर टूकेश्वर कोशले सहित टीम ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया।

कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्य प्रतिभागियों मे टाइल्स, बेकरी, पैरा उत्पाद, दोना-पत्तल और बैग निर्माण जैसे उद्यमों में गहरी रुचि के बारे मे विस्तार पूर्वक चर्चा की। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को एमएसएमई पंजीकरण प्रक्रिया, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं उद्यमिता के मूल सिद्धांतों से अवगत कराया गया। युवाओं में स्वरोजगार एवं स्थानीय उत्पादन आधारित उद्यम स्थापना की नई सोच विकसित होने की विशेष जानकारी दी। इसी के साथ कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और जिले में एमएसएमई उद्यमों को बढ़ावा देना इस तरह से इस योजना से लोगो को रोजगार के अवसर के साथ लाभ मिलेगा।

---

### भू-अर्जन मुआवजा अब सीधे किसानों के खातों में

**रायगढ़।** जिला प्रशासन द्वारा भू अर्जन प्रकरणों में मुआवजा भुगतान प्रक्रिया को सुगम, सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल की शुरुआत की गई है। जिला प्रशासन द्वारा यह नई व्यवस्था रायगढ़ अनुविभाग अंतर्गत 26 सितंबर से प्रभावशील की गई है। इस पहल के तहत भू अर्जन से प्रभावित किसानों को मुआवजा एवं पुनर्वास तथा



बोनस की राशि सीधे ऑनलाइन बैंकिंग प्रक्रिया के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। इससे भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होने के साथ साथ किसानों को होने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों का भी समाधान हो रहा है। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 26 सितंबर से 31 दिसंबर 2025 की अवधि में भू अर्जन मुआवजा मद अंतर्गत कुल 92 प्रभावित किसानों को 8 करोड़ 66 लाख 57 हजार 210 रूपए का भुगतान किया गया है। वहीं पुनर्वास एवं बोनस मद अंतर्गत 224 किसानों को 5 करोड़ 46 लाख 25 हजार 599 रुपए की राशि का वितरण किया गया है। इस प्रकार मुआवजा एवं पुनर्वास दोनों को मिलाकर कुल 316 किसानों को 14 करोड़ 12 लाख 82 हजार 809 रुपए की राशि सीधे उनके खातों में अंतरित की गई है।

---

# गणतंत्र दिवस समारोह के तैयारी को लेकर बैठक, अधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस की तैयारी, चाक चौबंध व्यवस्था के लिए जिले के अधिकारियों का बैठक लिया। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से उनके कार्य के संबंध में दायित्व और कार्य विभाजन कर गरिमा अनुरूप उस कार्य को अच्छे ढंग से करने के लिए चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

■ गणतंत्र दिवस की तैयारी और चाक चौबंध व्यवस्था के लिए कलेक्ट्रेट में हुई बैठक

इस अवसर पर जिले के प्रभारी अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा किए 26 जनवरी गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व है। यह देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था का गौरवान्वित दिवस है। इसको राष्ट्रीय गरिमा, देशभक्ति, बच्चों के उल्लास, जन जन की खुशियाँ के अनुरूप आयोजन करने का अवसर है। इसे सभी




अधिकारी पूरी निष्ठा और स्वप्रेरणा से समर्पित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। 26 जनवरी के पूरे कार्यक्रम के लिए सीईओ इंद्रजीत बर्मन को नोडल अधिकारी, झांकी और पुरस्कार वितरण हेतु डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू को और सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में वन विभाग को जिप्सी वाहन, पुलिस विभाग को ध्वजारोहण, परेड की सलामी, एसडीएम एवं तहसीलदार को कानून व्यवस्था, महिला एवं बाल विकास विभाग को रंगोली, सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग को, जनसंपर्क विभाग को मुख्यमंत्री का सन्देश लानाए फोटोग्राफी, पत्रकार आमंत्रण, मुख्य विभागों से थीम धरती आबा, धान के बदले अन्य फ़सल, कृत्रिम गर्भाधान आदि पर केंद्रित झांकी प्रदर्शन, एम्बुलेंस, यातायात, विद्युत, साउंड सिस्टम, सत्कार, पेयजल, साज सज्जा, आमंत्रण कार्ड छपाई आदि के लिए विभागीय अधिकारियों को कार्य सौंपा गया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक विभाग के 3 कर्मचारियों और समाजसेवियों को पुरस्कार दिया जाएगा।

---

# एनटीपीसी में सीआईएसएफ ने की एंटी रायट मॉकड्रिल



**घरघोड़ा।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना में सीआईएसएफ यूनिट द्वारा प्रशासनिक भवन परिसर में एंटी.रायट मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी तलईपल्ली सहित एनटीपीसी एवं सीआईएफ के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मॉक ड्रिल के दौरान सीआईएसएफ जवानों ने परिसर में अनधिकृत प्रवेश को रोकने, भीड़ नियंत्रण तथा एंटी रायट कार्रवाई से संबंधित अपनी दक्षता का प्रभावी प्रदर्शन किया। अखिलेश सिंह ने परियोजना में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सीआईएसएफ के प्रयासों की सराहना की।

---

# अरुणोदय से चारों ओर खिला कमल भाजपा अध्यक्ष ने पूरा किया एक साल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिला भाजपा में आज से ठीक एक बरस पहले भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी में जैसे ही अरुणोदय हुआ अर्थात अरुण धर दीवान की ताजपोशी हुई तत्काल बाद ही पूरे जिले में त्रिस्तरीय नगरी निकाय चुनाव परिणाम के रूप में चारो ओर कमल ही कमल खिल गए। यह सही मायने में जिला भाजपा के लिए अरुणोदय का काल रहा। जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान का नाम भाजपा की राजनीति में परिचय का मोहताज नहीं है।



अरूणधर दीवान भाजपा में उन कार्यकताओं के लिए मिशाल है जो अथक मेहनत के जरिए अपना मुकाम स्वयं बनाते है। जिला भाजपा अध्यक्ष पद पर अरुण धर दीवान की ताजपोशी भाजपा संगठन में निष्ठा परिश्रम ने नए युग की शुरुआत मानी गई। भाजपा के सियासी बिशात में मेहनत के बलबूते अरूण धर दीवान ने यह साबित कर सिखाया ।यदि लगातार एक प्यादा भी ताकतवर वजीर बन सकता है जो हारी हुई बाजी को जीत में बदल सकता है। छात्र राजनीति से अपने जीवन की शुरुआत करने वाले घरघोड़ा निवासी अरुण धर दीवान का जन्म पैतृक ग्राम रायगढ़ के बैकुंठपुर मोहल्ला में हुआ। स्वर्गीय पिता स्वण देवेन्द्र कुमार दुबे नौकरी के लिए रायगढ़ से घरघोड़ा आ गए थे इसलिए अरुण धर दीवान की बाल्यकाल की प्रारंभिक शिक्षा घरघोड़ा में हुई।

रायगढ़ में कॉलेज की शिक्षा के दिनों में वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सम्पर्क में आए और यही से उनके राजनीतिक जीवन के सफर की शुरुआत हुई। उनके राजनैतिक जीवन के सफर की चर्चा करे तो वर्ष 1993-1995 के दौरान अरूण धर दीवान को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को घरघोड़ा ईकाई का अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान छात्रों की मांगों के लिए धरने आंदोलन की लंबी फेहरिस्त है।

---

# सांसद ने किया चिखलापानी में नए आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण



**रायगढ़।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने किया। यह आंगनबाड़ी केंद्र धरमजयगढ़ विकासखंड के चिखलापानी, बलपेदा, बसंतपुर क्षेत्र में 11.69 लाख रुपए की लागत से निर्मित किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना विशेष रूप से पिछड़ी आदिवासी जनजातियों के समग्र विकास के लिए शुरू की गई है। इस योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना से बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं को पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा की बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी। नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है।

---

### जिले की प्राथमिकताओं पर प्रशासन सख्त

# बजट में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल है प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के लोगों को सड़क, पेयजल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने और अधोसंरचना विकास को तेज गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के मुख्य बजट में सम्मिलित किए जाने वाले नवीन विकास कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की प्राथमिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से प्रस्ताव भेजे जाएं।

बैठक में संबंधित विभागों के कार्यपालन अभियंता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं तथा जनहित से



जुड़े स्वास्थ्य, पेयजल एवं सड़क परियोजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग सेतु, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, प्रशासकीय स्वीकृति एवं टेंडर की स्थिति की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग अंतर्गत

**रायगढ़ शहर के फोरलेन एवं बायपास मार्गों पर विशेष फोकस**

कलेक्टर ने रायगढ़ शहर में प्रस्तावित एवं प्रगतिरत रिंग रोड बायपास मार्ग, रायगढ़ लोइंग महापल्ली मार्ग के चौड़ीकरण फोरलेन, रायगढ़ कोतरा नंदेली फोरलेन, रायगढ़ हमीरपुर मार्ग नवीनीकरण, ढिमरापुर चौक से पतरापाली तक फोरलेन, घरघोड़ा लैलूंगा मार्ग, टीवी टावर रोड से मेडिकल कॉलेज तक फोरलेन तथा उर्दना चौक से सर्किट हाउस तक फोरलेन निर्माण की प्राक्कलन एवं स्वीकृति स्थिति की समीक्षा की।

टिनटिनी पहुंच मार्ग, ग्राम औरदा से गोदाम तक पहुंच मार्ग, गोतमा कोतासुरा मार्ग, कमरई से सोनाजोरी मार्ग, जामगांव रेलवे क्रॉसिंग से मनकेसरी मंदिर मार्ग तथा चंद्रपुर डबरा, खरसिया धरमजयगढ़ पत्थलगांव मार्ग के उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली।




